# *कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी*

## *प्रेस नोट*

*दिनांक-07.08.2024*

**विषय-*थाना राजातालाब पुलिस टीम ने चोरी के मुकदमें से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे से 01 अदद चोरी का ट्रैक्टर मय ट्राली, 02 अदद ड्रम तार A.B.C केबल व घटना में प्रयुक्त एक अदद लोडर मैजिक तथा एक अदद बाइक (अनुमानित कीमत 24 लाख रुपये) को किया बरामद***

थाना राजातालाब क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 04/05-08-2024 की रात में राजातालाब तहसील गेट से आगे मोहनसराय की तरफ सोनालिका ट्रेक्टर व ट्राली पर लदे तार को चोरी के सम्बन्ध में थाना राजातालाब पुलिस द्वारा **मु0अ0स0 0154/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात** के पंजीकृत किया गया था। मामले का सफल अनावरण करने हेतु थाना राजातालाब पर गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु सभी सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में **दिनांक 06.08.2024** को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1. विकास यादव पुत्र चुन्नीलाल यादव 2. विशाल विश्वकर्मा पुत्र भोला विश्वकर्मा को वीरमानपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से उक्त मुकदमें से सम्बन्धित 02 अदद चोरी हुआ ड्रम तार A.B.C केबल, 01 अदद चोरी हुआ ट्रेक्टर सोनालिका नील रंग का मय ट्राली, 01 अदद चोरी में प्रयुक्त लोडर मैजिक व 01 मोटर साइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजातालाब पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***पूछताछ विवरण –***

अभियुक्तगणों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह लोग आदित्य सिंह उर्फ बंगाली पुत्र राकेश सिंह नि0 द्वारिकपुर थाना औराई जनपद भदोही व आदित्य यादव उर्फ सयरका पुत्र शिवशंकर यादव नि0 द्वारिकपुर थाना औराई जनपद भदोही के साथ मिलकर हाइवे के किनारे खड़े वाहन जिस पर सरकारी सम्पत्ति रखी हो को दिन में रेकी किया करते है उसके बाद सुनियोजित ढंग से चोरी कर चोरी से प्राप्त माल को बेचकर अपनी सान सौकत को पूरा करते हुए जीविका चलाते है। दिनांक 04/05-08-2024 की रात राजातालाब तहसील गेट से आगे मोहनसराय की तरफ रात में सोनालिका ट्रेक्टर व ट्राली पर लदे तार को चोरी कर लिये थे।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

1. विकास यादव पुत्र चुन्नीलाल यादव निवासी इटवा थाना औराई जनपद भदोही उम्र उम्र करीब 21 वर्ष।
2. विशाल विश्वकर्मा पुत्र भोला विश्वकर्मा निवासी ग्राम द्वारिकापुर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 24 वर्ष।

Scanned with OKEN Scanner